केवल मैडीकल व्यवसायियों के लिए

# मैडीकल दर्पण

Editor- Brijesh Garg www.medicaldarpan.com Monthly News Paper

B.N. Medical Complex, Bulandshahr (U.P.) Postal Reg. No.- BSR 56/2020-2022 RNI UPBIL/2010/44113

Year 14 | Issue 03 | D.O.P. 01 December 2020 | Pages 16 | ₹ 10/- Per Copy | ✆ 09410434811, medicaldarpan.ctp@gmail.com



















"समयानुसार बुरे दिन तो निकल जाते हैं पर वे अनेक अनुभवों गुणों और सहनशक्ति का उपहार दे जाते हैं"







Franchisee/PCD
Franchisee/PCD
Franchisee/PCD
Third Party
Third Party
Third Party
Monopoly Business Rights
AYURVEDIC & NUTRACEUTICALS
Tablets | Capsules | Syrup | Sachet | Oil (Herbal & Cosmetic) | Powder (Whey & Herbal Protein Powder)
External Preparation (Cream, Lotion, Face Wash, Shampoo & Soap)
BlueStar Laboratories | BLUE STAR NUTROSANITA PVT. LTD. | MAYLEBENS INDIA PVT. LTD.
Office: 206, Blue Star Plaza, Sarja Mkt, Opp. M2K, Sector 7, Rohini, Delhi-85
Work: Plot No.-6, Sector-56, Phase-4, HSIIDC, Kundli-131028 (Haryana)
Ph.:011-27040437, 9810165707, Email: bsnspl@gmail.com

आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्देशित फॉर्मूले पर आधारित
Kelvin's अमृततुल्य HERBAL TEA
पेश है, सबसे अच्छा स्वास्थ्यवर्धक पेय..!
AMRUTTULYA HERBAL TEA
रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाये
स्फूर्ति बढ़ाये
मोटापा कम करने में सहायता करे
ब्लडप्रेशर एवं शुगर नियंत्रित करने में सहायता करे
हाजमा अच्छा करने में सहायता करे
रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है! Natural Immunity Booster
KBP Kelvin Bio Pharma
We care for Best Health!
For Trade Enquiry-
Khadgaon Road, Wadi, Nagpur - 440 023.
Ph. : 7276072377, 7774002134, 7774007053
E-mail : kelvinbiopharma123@rediffmail.com
info@kelvinbiopharma.com
website : www.kelvinbiopharma.com

'Makers Of Healthy India'
Cardimed (A Division of Puremed Biotech)
Website: www.puremedbiotech.in
Airtel-40/80 | Airtel-AM | Airtel-H-AM
Airtel-H | Airtel-CL | Airtel-M50
Angirite 2.6 | Amloprime-AT | Cardiclop-75
Wanted Bussiness Associates All Over India,Nepal & Bhutan
Contact For Third Party Mfg.(Small Batch Size Also Wel Come)
More Than 150 Products
Cardiclin-10 | Diberyl-1/2 | Diberyl-M1/2
Deebose 0.2/0.3MD | Deebose-GM2 | Diberyl-M1/2 Forte
Diberyl-PM1/2 | Metoprime-AM | Metoprime-XL
Olmiactive-20 | Olmiactive-H20 | Purevas-C-10
Pureformin-SR | Purevas 10/20/40mg | Purevas-F
Rosevert-10/20mg | Rosevert-F10 | Thyropic
Contact Number:+91-93186-28899,+91-97367-01313

**कुछ किये बिना ही जय-जयकार नहीं होती,**
**कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती.**

A Potion for Healthier Life
Elixirio Pharmaceuticals (P) Ltd
World Class Packing
Competitive and Reasonable Rates
Complete Range of over 125 Products
Assured Quality Products Manufactured at GMP Plants
Proven track record of Uninterrupted services
Products: Tablets, Capsules, Eye / Ear drops, Injectables, Liquids (Suspension / syrups / Drops), Protein Powders, Dry Syrups, Soaps, Ointments and Gels, Mouthwash
We offer: Attractive Promo Inputs, Corporate Gifts, Yearly Bonanza, Seasonal Bonanza, Visual Aid, Order book, Reminder Cards, Catch covers, Product Literatures
A professionally managed company gaining a strong foothold in the pharmacetuticals industry
BUSINESS OPPORTUNITY
Marketing and Distribution Rights for financially sonund background having pharma selling experience. Parties are welcome in unrepresented areas on monopoly rights only.
CALL TODAY +91 9897 688 009
A-60,Basement, Transport Nagar, Dehradun 248002 Uttarakhand
Mob 98976 88009 email: elixiriopharma@gmail.com

## C.A.T.D. पदाधिकारियों का अभिनन्दन




ठाणे (मुम्बई) से प्राप्त समाचार के अनुसार दिनांक 3 दिसम्बर 2020 को पडघा कैमिस्ट वेलफेयर एसोसियेशन, तालुका भिवन्डी जिला ठाणे ने ग्राम पचांयत हाल पडघा में C.A.T.D. (कैमिस्ट एसोसियेशन ऑफ ठाणे डिस्ट्रिक) के **अध्यक्षः श्री दिलीप देशमुख** मो॰ 9702400111 एवं **सचिवः श्री विजय सुराणा जी** मो॰ 9867242412 का हार्दिक अभिनन्दन किया. इस अवसर पर पडघा एसोसियेशन के अध्यक्ष अमोल पाडेकर, सचिव रविन्द्र शेरकर, दुर्गेश गुप्ते, ओसामा शेख और सुनील खिसमतराव ने फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उपस्थित पधाधिकारियों का स्वागत एवं सम्मान किया. C.A.T.D. के अध्यक्ष और सचिव महोदय ने अपने विचार प्रस्तुत किये जिसे पडघा एसोसियेशन के सदस्यों ने ध्यानपूर्वक सुना और सभी सुझावों पर अमल हेतु अपनी सहमति व्यक्त की. – **अभय सिघंल**, मो॰ 9319980483.

## दवा उपभोक्ता कृपया ध्यान दें

**डिस्काउंट के चक्कर में स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ न करें**
**दवा का विश्वास : आपका कैमिस्ट आपके साथ**

**सावधान–** मार्जिन के चक्कर में दवा की गुणवत्ता सदैव संदेहास्पद रहेगी • दवा पर सरकार द्वारा निर्धारित मार्जिन दिया जाता है. • दवा विक्रेता अपने खर्चे काटकर बहुत थोड़ा ही मार्जिन बचा पाता है. • दवा विक्रेता दवा की गुणवत्ता एवं रखरखाव का पूरा-पूरा ख्याल रखता है. • दवा विक्रेता योग्य एवं सक्षम व्यक्ति द्वारा ही दवा का वितरण करता है. • दवा परामर्श महत्वपूर्ण हिस्सा है जो आपका दवा विक्रेता ही पूर्ण करता है. • ज्यादा प्रलोभन देकर आपके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है. • सरकार द्वारा निश्चित मार्जिन से अधिक मार्जिन देना व्यापार में एकाधिकार बनाने का कार्य है. • आपका अपना नजदीकी दवा विक्रेता सदैव आपकी सेवा में तत्पर मिलता है. • आप कभी भी बाकी बची दवा वापस भी कर देते हैं.

**सोचिए!** आपके मर्ज का डॉक्टर की दवा पर सही इलाज हो, या फिर डिस्काउंट के लालच में हो, आपके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़. फैसला आपका. – जे॰एस॰शिंदे (अध्यक्ष), राजीव सिंघल (महासचिव) मो॰ 09425056394, **All India Organisation Of Chemists & Druggists Mumbai**

**- Moksh Kumar** Mob:- 09888083469.

**शान्ति का चुम्बन बन जाइये ताकि आप अपनी ओर आकर्षित होने वाली अशान्त आत्माओं को शान्ति प्रदान कर सकें**

## मार्ग के बढ़ते कदम

Marg Erp ने B2B लॉजिस्टिक ShipOnClick की नींव रखी है जो शहर के डिस्ट्रीब्यूटर व रेटेलर्स के बीच डिलीवरी को सुगम व किफायती बना देगा. Paytm के साथ MargPay की सफल शुरुआत के बाद ये अगला बड़ा कदम होगा. 250 डिस्ट्रीब्यूटर 2,000 रिटेलर को डिलीवरी करने के लिये लगभग 750 डिलीवरी बॉय रखता है जो न केवल पैसे की बर्बादी है अपितु फसल कटाई के समय व्यापार की लड़कों पर डिपेंडेंसी के कारण व्यापारिक नुकसान भी है. ShipOnClick 250 से 7500 Marg Erp डिस्ट्रीब्यूटर वाले सभी शहरों के डिलीवरी सिस्टम की चकबंदी करेगा और 35 रू॰ कि डिलीवरी को 8 रू॰ में रिटेलर तक पहुँचायेगा, वो भी पेमेंट व ब्रेकेज/एक्सपायरी के अप्रूवल रिटर्न सिस्टम के साथ. शुरुआत में यह दिन में 3 बार डिलीवरी से शुरु करके हर घंटे डिलीवरी तक ले जाने का प्रावधान है. Marg की eRetail App से ऑर्डर्स लाये जायेंगे जो आज भी 10 लाख आर्डर महीने में अपने डिस्ट्रीब्यूटर तक पहुँचा रहा है, Marg Erp उसको बिल में परिवर्तित करेगा. जिस पर आज भी 20 बिलियन बिल साल में बनाये जाते हैं, जिसे ShipOnClick के इंटीग्रेटेड सिस्टम से कनेक्ट करके सुगमता से रिटेलर तक पहुँचाया जायेगा. ShipOnClick पूरी तरह से डंतह म्तच में इंटिग्रेटेड होगा जिस से डिस्ट्रीब्यूटर को कुछ नया न सीखना पड़े और डिस्ट्रीब्यूटर Marg Erp से ही अपनी डिलीवरी का स्टेटस जान सकें व उसे ट्रैक कर सके. शुरुआत 1 शहर से की जायेगी और सिस्टम्स के पूर्णतः सफल होने पर इसे पूरे भारत में लॉच किया जायेगा. आप सब का सहयोग इसकी सफलता के लिये अत्यन्त आवश्यक होगा, जैसा कि आप सभी जानते हैं Marg के Eco सिस्टम में किसी कॉरपोरेट घराने के लिये कोई जगह नहीं है, इस लिये MargPay व ShipOnClick की सभी सुविधायें केवल आम डिस्ट्रीब्यूटर को ही उपलब्ध होंगी.


**– Marg Fintech Pvt. Ltd, Delhi Ph.: 011-30969696.**

**एक ईमानदार व्यक्ति की आँखें, झूठ को दूर से ही भांप लेती हैं, तथा यह आसानी से धोखा नहीं खा सकते.**

A Fastest Growing Pharma Company with a wide range of Products....
Many More Products | Finest Quality | With all Promotional Inputs! | Latest Attractive Packing!
DERMAFARM (A Derma Care Division)
GOLDEN BUSINESS OPPORTUNITY
(Super Stockist, Stockist, Distributors, Experienced Professional)
3rd Party Manufacturing in WHO Plant
A very wide range of latest molecules:
Itraconazole 100mg / 200mg Capsules
Luliconazole 1% Cream
Sertaconazole 2% Cream
Hydroquinone, Tretinoin, Mometasone Cream
Hydroxyzine 10mg / 25 mg Tablets
Fusidic Acid 2% Cream
Minoxidil 2% / 5% / 10% Lotion
Permethrin 5% Lotion / Cream
Clotrimazole Dusting Powder
Ketoconazole Shampoo
TABLETS | CAPSULES | OINTMENTS | LIQUIDS | AYURVEDIC | SHAMPOO | SOAPS | SUN SCREEN LOTION
Our Successfully Running Divisions: Farma Hub | Capriana | ZankinsOrganics
Ph: +91-8171011413, 9837187230
Email.: info@farmahub.in|farmahub@gmail.com

+ PHARMA | VETERINARY +
• TABLETS/CAPSULES/BOLUS (Beta/Non-Beta)
• LIQUID/DRY ORALS
• ORAL POWDERS
• OINTMENTS/CREAMS/SOLUTIONS/ LOTIONS/DUSTING POWDERS
• MOUTHWASH/SHAMPOO/PROTEIN POWDER
• INJECTABLES
ECTOPARASITICIDALS (FLUMETHRIN, DELTAMETHRIN, CYPERMETHRIN, AMITRAZ Etc.)
AYURVEDIC PREPARATIONS
Trade Enquiries Please Contact : FOR FRANCHISEE/PCD 099960-19744. 078762-20222. 094160-32336. 09896063336
FOR THIRD PARTY : 099960-19744. 89300-63336. 78762-20222.
GRAMPUS LABORATORIES
Mfg. Unit: Johron, Near Industrial Area, Kala Amb.(H.P)
Email-id: sales.grampus@gmail.com Web Site: www.grampuslaboratories.com




## ड्रग इंस्पेक्टरों के भृष्टाचार से फार्मेसी बिजनेस हुआ लाचार

जगह जगह डिस्काउंट के बोर्ड और टकटकी लगाए दवा दुकानदारों की फौज इकट्ठी करने में बहुत कुछ हाथ शासकीय मिशनरी का है. मुख्य प्रश्न है दवा का व्यापार क्या है? केवल वस्तु का विनिमय है या सेवा का आधार. ड्रग एवम कॉस्मेटिक एक्ट केवल तभी लाइसेंस प्रदान करता है जब एक फार्मेसी में निधार्रित नियमों का पालन किया गया हो. किन्तु क्या ऐसा होता है? यदि ड्रग इंस्पेक्टर अपने अधिकारों द्वारा निश्चित नियमों का कठोरता से पालन कराए तो इस व्यापार को बेहतर बनाया जा सकता है. किन्तु देखने में यह आया है कि यह व्यापार पान/चिरौंजी की दुकान से अधिक कुछ नहीं है. न तो दुकानों पर फार्मासिस्ट होते हैं और न नियमों का पालन. अनेक छोटे-छोटी दुकान खुलने का कारण एवम् उद्देश्य केवल वहाँ का लोकल काउंटर व्यापार है. दवा की दुकान के नाम पर खुलकर व्यापार करने की स्वतंत्रता का अधिकार मिल जाता है. सर्दी, जुकाम, बुखार और सामान्य समस्याओं का इलाज काउंटर सेल के माध्यम से कर एक सामान्य दुकानदार रोजाना 500 से 1000 रु॰ कमा लेता है. अब यदि वह अपने यहाँ डिस्काउंट का बोर्ड लगा ले तो उसे क्या फर्क पड़ेगा? होलसेलर से उधार में लाकर नगद में बेचकर अपना काम चलाना एक आदत सी हो गई है. जेनेरिक और ब्रांडेड के नाम से हेराफेरी के इतने रास्ते हैं कि पर्चे के एक प्रोडक्ट में हेराफेरी कर सारे डिस्काउंट का हिसाब किताब चुकता किया जा सकता है. आयुर्वेद, होम्योपैथी, आर एम पी, इलेक्ट्रो होम्योपैथी प्रेक्टिस कर रहे डॉक्टर ने एलोपैथी की दुकान खोलकर अपनी प्रेक्टिस और कमाई का बड़ा जरिया खोज लिया है. 2000 रु॰ मासिक में आज फार्मासिस्ट बिक जाता है और दवा की दुकान चालू. अब चाहे बच्चे को दवा बेचने बिठा दें. यही दवा दुकानों की सच्चाई है, डी फार्मा और बी फार्मा की डिग्रीयों के भी बुरे हाल हैं. डिग्री दिलाने वालों का पूरा कॉकस बाजार में फैला हुआ है. पैसा फेंको तमाशा देखो. घर बैठे डिग्री पहुँच जाती है. और ड्रग इंस्पेक्टर 30 से 50 हजार की रिश्वत लेकर दवा दुकान का लाइसेंस प्रदान कर देता है. हर नई दुकान के साथ ड्रग इंस्पेक्टर को चालू होती है 5000 वार्षिक की न्यूनतम फिक्स आय. याने यदि एक जिले में औसत 500 से 1000 दुकानें हैं तो औषधि निरीक्षक की अतिरिक्त फिक्स आय 50 लाख रु॰ वार्षिक हो गई. यही हाल आजकल जेनेरिक ड्रग और होलसेल दवा विक्रेता के हैं. इन्होंने दवा के बाजार को कचरा बाजार बनाकर रख दिया है. अपने हित के लिए ये किसी भी सीमा तक गिरकर व्यापार कर सकते हैं. वर्तमान में दवा बाजार के अवमूल्यन का पूरा कारण होलसेलर ही है जिन्होंने अपने हित के लिए कभी रिटेलर को सपोर्ट नहीं किया उसे हमेशा विभाजित अवस्था में रखा. दवा दुकानदारों के हाल इतने बुरे हैं कि वे एंड्रॉयड मोबाइल ऑपरेट करना नहीं जानते. 100 में से 50 दुकान संचालक के हाल इतने बुरे हैं कि वे डिजिटल प्लेटफार्म की ए बी सी डी नहीं जानते. फिर वे इस कोविड के समय में कैसे अपने डेटा ड्रग ऑफिस तक पहुँचा रहे हैं इस पर चिंतन करना चाहिए. आज जरूरत है कि हम ड्रग एवम कॉस्मेटिक एक्ट का सख्ती से पालन करवायें. जब तक दवा दुकानदार शिक्षा की, टेक्नोलॉजी की कीमत नही समझेगा, तब तक दवा व्यापार का अवमूल्यन होता ही रहेगा. आज इस व्यापार में अनेक ऐसे लोगों का प्रवेश हो चुका है जिनका कोई इथिक्स ही नहीं है. हर कोई लड़का किसी दवा की दुकान में काम कर लेता है और सारे गुर सीख दवा की दुकान खोल बेठ जाता है. अनेक दवा दुकानदारों का चेहरा देख लगेगा ही नहीं की वह फार्मासिस्ट है. बगैर रजिस्टर्ड डॉक्टर के रजिस्ट्रेशन के दवाएं हर डिस्पेंसर को उपलब्ध हो जाती हैं. (1) फार्मेसी के इथिक्स होते तो निश्चित ही एक पढ़ा लिखा फार्मासिस्ट सही भूमिका में नजर आता. (2) वह किराए पर कागज नही स्वयं सेवाएं दे रहा नजर आता. (3) वह फार्मेसी की ड्रेस में नजर आता. (4) उसकी दुकान एक निश्चित जगह 10 मीटर से अधिक पर होती. (5) कम्प्यूटराइज्ड बिलिंग सिस्टम होता जहां एक एक दवाओं का हिसाब मिलता और सरकार को कोविड में डेली आंकड़े ढूंढने की जरूरत नहीं पड़ती. (6) फार्मासिस्ट डिस्काउंट का व्यापार करने के बजाय अपनी सेवाओं के लिए फीस लेता.

– अशोक कुमार
मो॰ 9399008071.















## A.I.O.C.D. के वर्ष 2021-2023 के चुनाव नामांकन की प्रक्रिया शुरू



मुम्बई से लोकशाही परिवार के **श्री नीलेशवाणी मो॰ 8691091055** से प्राप्त जानकारी के अनुसार A.I.O.C.D. (ऑल इन्डिया आर्गनाईजेशन ऑफ कैमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट) के वर्ष 2021-2023 की कार्यकारिणी हेतु चुनाव नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गयी है. अध्यक्ष पद के लिये पुनः **श्री जगन्नाथ शिन्दे,** महासचिव हेतु पुनः **श्री राजीव सिघंल** और कोषाध्यक्ष पद हेतु **श्री के॰के॰ सैलवन** ने चुनाव अधिकारी श्री वैजनाथ जागुष्ठे के समक्ष अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया. इस अवसर पर महाराष्ट्र राज्य सगंठन के सचिव श्री अनिल नावंदर, प्रसाद दानवे, मुकेन्द दूबे, अरूण बरकसे, मदन पाटिल, शेखर गाडे और मध्य प्रदेश से मनोज अगनानी एवं तमिलनाडू से के॰ मनोहरन, ईलानगोवन ने नामांकन करने वाले प्रत्याशियों का उत्साह वर्धन किया. – **अभय सिघंल, मो॰ 9319980483.**

## घुटनों के दर्द की दवा

घुटनों के दर्द की समस्या आजकल आम होती जा रही है कई बार ऐसा भी होता है कि किसी कारणवश चोट लग जाने से या बढ़ती हुई उम्र के कारण या फिर व्रद्धावस्था में हड्डियों के कमजोर हो जाने से अक्सर घुटनों में दर्द होने लगता है. इस पोस्ट में हम आपको घुटनों के दर्द से राहत दिलाने के लिए कुछ घरेलू नुस्खे बता रहे हैं जिनका उपयोग करने पर लगभग 7 दिन में ही आपको घुटनों के दर्द से राहत मिल जाएगी. यदि आपके घुटनों में लगातार या थोड़ा-थोड़ा दर्द या तेज दर्द बना रहता है तो यहाँ दिए गए घरेलू नुस्खे आजमाएँ और आपको 7 से लेकर 15 दिन के अन्दर-अन्दर इन घरेलू नुस्खों से पूरा-पूरा आराम मिल जाएगा और कभी आपके घुटने दर्द नहीं करेंगे. घुटनों के लिए दर्द निवारक दवा बनाने के लिए आप नीचे दिए गए कुछ नुस्खे आजमाएँ. किसी चोट का दर्द हो या घुटने का दर्द आप इस दर्द निवारक हल्दी के पेस्ट को बनाकर अपनी चोट के स्थान पर या घुटनों के दर्द के स्थान पर लगाइए इससे बहुत जल्दी आराम मिलता है. दर्द निवारक हल्दी का पेस्ट कैसे बनाएँ इसके लिए आप सबसे पहले एक छोटा चम्मच हल्दी पाउडर लें और एक चम्मच पिसी हुई चीनी और इसमें आप बूरा या शहद मिला लें, और एक चुटकी चूना मिला दें और थोड़ा सा पानी डाल कर इसका पेस्ट जैसा बना लें. इस लेप को बनाने के बाद आप उस स्थान पर जो घुटना दर्द करता हो लेप को लगा ले और ऊपर से बैंडेज या कोई पुराना सूती कपड़ा बांध दें और इसको रातभर लगा रहने दें और सुबह सादा पानी से इसको धो ले इस तरह से लगभग 1 सप्ताह से लेकर 2 सप्ताह तक ऐसा करने से आपके घुटने की सूजन माँसपेशियों में खिंचाव अंदरूनी चोट से होने वाले दर्द में बहुत जल्दी आराम मिलता है.





## रीढ़ की हड्डी की देखभाल

शरीर का एक मुख्य भाग होने के कारण रीढ़ की हड्डी की मजबूती पर विशेष ध्यान रखना चाहिए. • रीढ़ की हड्डी में यदि तकलीफ है तो उसे हल्के मे नहीं लेना चाहिए तुरन्त डॉक्टर के पास जाना चाहिए. • व्यक्ति को अधिक वजन नहीं उठाना चाहिए और अपने वजन को बढ़ने से रोकना चाहिए. • भोजन में आयरनयुक्त खाना ही खाना चाहिए तथा हड्डियों को मजबूत रखने के लिए दूध पीना चाहिए. • धूम्रपान और शराब के दोनों ही रीढ़ की हड्डी के लिए अच्छे नहीं होते हैं, अत: इनका उपयोग न करें और अगर करें तो मात्रा पर नियंत्रण रखें.

**जीभ में एक भी हड्डी नहीं होती. परन्तु कमाल की बात यह है कि ये आपकी सारी हड्डीयां तुड़वाने की ताकत रखती है.**

## मोच

शरीर के हर जोड़ पर कई मांसपेशियाँ काम करती हैं. किसी एक या अधिक मांसपेशी के फटने से ही मोच आती है. मांस फटना इसी का दूसरा नाम है. इसमें काफी तकलीफ होती है. दर्द रहता है. कुछ ही देर बाद उस हिस्से में सूजन होने लगती है. यह सूजन कुछ रोज तक बढ़ती है. ठीक इलाज न मिलने से उम्रभर के लिए दिक्कत हो सकती है. **क्या करें :** जिस अंग में मोच आई हो, उसे किसी मजबूत चीज का सहारा दें. उसे हिलाएं-डुलाएं नहीं. न ही उस पर वजन डालें. ● मोच आये अंग पर तुरन्त और 24 घण्टों तक बार-बार ठण्डे पानी की पट्टियाँ रखें. ● फिर 24 घण्टे के बाद गर्म पानी का सेंक करें. पानी में थोड़ा-सा नमक भी मिला लें. इससे सूजन उतरने में मदद मिलेगी. ● मोच आये अंग को शरीर की उपेक्षा ऊँचा रखें. पैर में चोट हो तो उसे नीचे तकिया रख लें. बाँह में चोट होने पर उसे ऊपर उठाकर किसी चीज से बाँध दें. ऐसा करने से चोट में सूजन बढ़ेगी नहीं. **क्या न करें :** जिस समय चोट लगे, उस समय ज्यादा बहादूरी न दिखाएं. कुछ लोग इसी चक्कर में चोट को बढ़ा लेते हैं. ● जब तक चोट पूरी तरह ठीक नहीं हो जाती, उस पर बिल्कुल वजन न डालें. ● मोच आये अंग की मालिश न करवाएं. इससे मामला बिगड़ सकता है. **Mob.- 08445081419.**


















































## कैंसर के लिये अच्छी दवा है काली चाय

चाय तो सभी लोग पसंद के साथ पीते हैं. चाय भी अलग-अलग प्रकार की होती हैं. और हर चाय के अपने-अपने फायदे होते हैं. इन्हीं चायों में से एक है काली चाय, काली चाय आपको कई बीमारियों से दूर रखने में मददगार साबित हो सकती है. • काली चाय दिल के लिए फायदेमंद साबित होती हैं. इसमें मौजूद फ्लेवेनॉयड्स एलडीएल होता है जो हृदय की धमनियों को स्वस्थ रखने में मदद करता है. • अगर काली चाय को आप रोजाना अपनी डाइट में शामिल करते हैं तो ऐसे में आप कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से बच सकते हैं. काली चाय शरीर में कैंसर कोशिकाओं को खत्म करती है. • यह आपके शरीर में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करती है, जिससे आपका वजन धीरे-धीरे कम होने लगता है. इसके अलावा इसमें फैट बहुत कम मात्रा में होता है, जो मोटापा नहीं बढ़ाता और वजन कम करने में भी आपकी मदद करता है. • काली चाय का सेवन करने से यह आपकी त्वचा को संक्रमण से बचाती है और चेहरे की झुर्रियां को भी दूर करती हैं. • दिन में लगभग 4 कप काली चाय का सेवन तनाव को कम करने में सहायक है. यह दिमाग को तेज करती है और याददाश्त को भी बढ़ाती है. • रोजाना काली चाय पीने का एक बेहत. रीन फायदा यह भी है कि इसे पीने से आप अधिक ऊर्जा महसूस करेंगे.

## WEEKLY HOLIDAYS OF DRUG MARKET

| State | City | Day |
|---|---|---|
| Haryana | Ballabhgarh | Never |
| Haryana | Bhiwani | Sunday |
| Haryana | Charkhi Dadri | Never |
| Haryana | Faridabad | Sunday |
| Haryana | Gurgaon | Last Sunday |
| Haryana | Hathin | Never |
| Haryana | Hissar | Sunday |
| Haryana | Hodal | Sunday |
| Haryana | Jhajjar | Sunday |
| Haryana | Jind | Sunday |
| Haryana | Karnal | Sunday |
| Haryana | Kurukshetra | Sunday |
| Haryana | Mahendargarh | Sunday |
| Haryana | Meham (Rohtak) | Sunday |
| Haryana | Palwal | Sunday |
| Haryana | Panipat | Sunday |
| Haryana | Pinjore | Monday |
| Haryana | Pirthla | Never |
| Haryana | Rewari | Sunday |
| Haryana | Rohtak | Sunday |
| Haryana | Samalkha | Sunday |
| Haryana | Sampla | Third Sunday |
| Haryana | Sonipat | Sunday |
| Himachal Pradesh | Nahan | Monday |
| Himachal Pradesh | Ponta Sahib | Sunday |
| Himachal Pradesh | Solan | Sunday |
| Jammu & Kashmir | Banihal | Sunday |
| Jammu & Kashmir | Baramulla | Sunday |
| Jammu & Kashmir | Jammu | Never |
| Jammu & Kashmir | Jaunpur | Never |
| Jammu & Kashmir | Ramban | Never |
| Jharkhand | Bokaro | Wednesday |
| Jharkhand | Girhidih | Never |
| Jharkhand | Hazaribagh | Sunday / Wholesale |
| Jharkhand | Jamshedpur | Tuesday |
| Jharkhand | Jamtara | Never |
| Jharkhand | Jhumri Telaiya | Tuesday |
| Jharkhand | Ramgarh | Thursday |
| Jharkhand | Ranchi | 2nd Sunday |
| Jharkhand | Sakchi | Sunday / Tuesday |

क्रमशः

## List of Medical Store

| Place | Medical Store Name | Contact |
|---|---|---|
| ALIGARH | RAJEEV MEDICAL STORE | 0571-2508282 |
| ALIGARH | RATHI PHARMACEUTICALS | 09837361612 |
| ALIGARH | ROSE MEDICAL STORE | 09258393338 |
| ALIGARH | S.M. MEDICINE CENTER | 09639093326 |
| ALIGARH | SAHIL MEDICAL STORE | 09219566826 |
| ALIGARH | SANA PHARMA DISTRIBUTOR | 09837254139 |
| ALIGARH | SAREEN MEDICAL AGENCIES | 09837028495 |
| ALIGARH | SINDDH MEDICAL STORE | 0571-524322 |
| ALIGARH | UMAIR MEDICAL STORE | 09359245837 |
| ALIPUR | FRIENDS MEDICOSE | 09711475317 |
| ALLAHABAD | GHANSHYAM MEDICAL STORE | 09454255759 |
| AMBALA | YOGESH MEDICAL HALL | 0171-2632739 |
| AMRAVATI | AMAN DAWAKHANA | 09823118455 |
| AMRAVATI | GAJANAN MEDICAL STORE | 09420064571 |
| AMRAVATI | GAYATRI MEDI & SURG | 09850520019 |
| AMRAVATI | MAYANK MEDICAL STORE | 09890606700 |
| AMRITSAR | ANMOL PHARMA | 09814998159 |
| AMRITSAR | BABA DEEP SINGH PHARMACEUTICAL | 08427567867 |
| AMRITSAR | DHAN DHAN MEDICAL STORE | 0183-657742 |
| AMRITSAR | NEW ISHAR MEDICAL STORE | 09217584208 |
| AMRITSAR | SHIV SHANKAR MEDICAL STORE | 09914843457 |
| AMRITSAR | VIJAY MEDICAL STORE | 09814862007 |
| AMROHA | NEW GUPTA MEDICAL STORE | 09837412373 |
| ANAND | ANURAG AGENCY | 09427385899 |
| ANAND | CAMBAY MEDICAL STORE | 02698-220244 |
| ANAND | D.K. AGENCY | 02692-268641 |
| ANAND | KRISH MEDICINES | 09327429592 |
| ANGUL | BISHNUPRIYA MEDICAL STORE | 09437288016 |
| ANOOPSHAHR | BANSAL MEDICAL STORE | 05734-275354 |
| AURANGABAD | SWASTIK MEDICAL STORE | 0240-2334874 |
| AURANGABAD | HARSH MEDICAL STORE | 09225314841 |
| BADAUT, BAGHPAT | SANDEEP MEDICAL STORE | 09927627627 |
| BADLI | RAMA MEDICOS | 09315044777 |
| BAHMEATA | CHANDSI DAWAKHANA | 09953672124 |
| BALLABGARH | GARVIT MEDICAL STORE | 09953760542 |
| BANDA | LALA MEDICAL STORE | 05192-225084 |
| BANDEPUR, SONIPAT | OM SAI MEDICOS | 09728883009 |
| BANSWARA | ATUL DRUG DISTRIBUTOR | 09414101088 |
| BARA | BHAGWATI MEDICAL STORE | 09928718350 |
| BARULI | RADHA SWAMI MEDICAL STORE | 09412873499 |
| BASMAT, HINGOLI | LIFE MEDICAL STORE | 09175878700 |
| BATHINDA | D.D. MEDICAL AGENCY | 07696768676 |

क्रमशः

## क्षणिकायें

**योजना**
जीवन में, प्लानिंग जरूरी है.
वरना मंजिल, आधी-अधूरी है.

**जो**
स्वस्थ रहे, प्रसन्न रहे.
औसत धन रहे, निश्चित मस्त रहे.

**अत्यधिक**
वजन का बढ़ना, वजन का घटना.
दोनों अभिशाप हैं, स्वास्थ्य के संताप हैं.

**प्रातः प्रणाम**
प्रभु के समक्ष, सिर को झुकाओ.
माता-पिता को, भूल न जाओ.

**श्री देवी**
छोटा पर सफल, जीवन को जिया.
कई पीढ़ियों को, प्रभावित है किया.

**अब**
इज्जत से, बड़ा रूपया.
यही सच है, मेरे भैय्या.

**उद्गार**
तू कितनी सुन्दर है, तू कितनी अच्छी है.
तू मेरी जान है, तू मेरी माँ है.

**पॉजिटिव**
जीवन में, उजाले चाहिए.
मन का, अँधेरा भगाईए.

**सत्कार्य**
सपनों के दुनिया से, बाहर आ जाओ.
कर्मों के सहारे, अच कर दिखाओं.

**आरक्षण**
योग्य व्यक्ति की,
योग्यता का भक्षण 'आरक्षण'.

**अभिव्यक्ति**
आँखों की, अभिव्यक्ति.
बिना बोले, मन की शक्ति.

**नगाह**
सुख के खोज में, प्रयास नहीं चाहिए.
सब तरफ सबके, सुख ही सुख पाईए.

**परिधि**
मन में शांति, तो तन में शांति.
तन में शांति, तो मन में शांति.

**स्वास्थ्य**
शरीर का सम्मान, करना ही चाहिए.
तभी तो सुखी जीवन, अवश्य ही पाईए.

**विद्या**
ज्ञान कभी भी, व्यर्थ नहीं जाता.
किसी न किसी, मंजिल पर पहुँजाता.

**व्यथा**
तन का दर्द, चला ही जाता.
मन का दर्द, युगों तक सताता.

**नया साल**
समय नहीं बदला, सोच नहीं बदला.
अंदाज नहीं बदला, केवल साल बदला.

**डर**
जिससे जितना डरोगे,
वह उतना ही डराएगा.
जिससे नहीं डरोगे, वह दूर भाग जाएगा.

**आशा**
कभी न कभी, कहीं न कहीं.
सफलता आएगी, प्रगति को लाएगी.

**तोंद**
बिना सोचे, खाते जाना.
पेट बढ़ाना, रोग बनाना.

**उम्मीद**
रखो, तो दुखी.
ना रखो, तो सुखी.

**साथ-साथ**
संयुक्त परिवार में, कुछ भड़क पाएंगे.
मुसीबत आने पर, एक हो जाएंगे.

**निरंतन**
स्थिर हो जाना, जीवन का विराम है.
चलते जाना है, मंजिल को पाना है.

**वितति**
प्रारम्भ और अंत, जीवन का हिस्सा.
दोनों के बीच, यही पूरा किस्सा.

**स्तर**
जब इंसान, कुत्तों समान.
लड़ जाते, कुत्ते मुस्कराते.

**स्मृतियाँ**
पुरानी यादें, खो ही जाती.
समय के साथ, इतिहास बनाती.

**संतुलन**
प्रशंसा पाइए, गालियाँ अपनाइए.
दोनों हालातों में संतुलन रखते जाइए.

डॉ॰ नरेन्द्र नाथ लाहा, ग्वालियर (म॰प्र॰), मो॰ 09753698240.

## फेफड़ों को मजबूत करने के लिए अपनायें ये 5 प्राकृतिक तरीके

दिल्ली और इसके आस पास के इलाके में पिछले कुछ दिनों से हवा में प्रदूषण एक खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है. खासकर प्रदूषण के बाद से राजधानी में आसमान धुएं और धुंध से भर गया है. शहर में प्रदूषण का स्तर पिछले तीन सालों में सबसे ज्यादा है और ऐसा लग रहा है कि इस समस्या से राहत पाने का कोई तरीका नहीं है. ज्यादातर लोग आंखो में जलन, गले में खराश और घुटन महसूस कर रहे हैं. सिर्फ यही नहीं बल्कि इस हवा में सांस लेना हमारे फेफड़ों को नुकसान पहुंचा रहा है. इस प्रदूषित हवा में सांस लेना दिन में सिगरेट का एक डब्बा पीने के बराबर है. **भाप:-** अपने फेफड़ों को साफ करने के लिए सबसे अच्छा उपाय है भाप लेना. भाप को सांस के जरिए अंदर खींचने से सांस की नली खुल जाती है और साथ ही ये बलगम को बाहर निकालने में फेफड़ों की मदद करता है.सर्दियों में जैसे-जैसे हवा का बहाव कम होता है वैसे ही प्रदूषण भी बढ़ने लगता है. धुआं और कोहरा जमीन के पास स्थिर हो जाते हैं जिससे स्मॉग बनता है और प्रदूषण का स्तर भी बढ़ने लगता है. इसलिए भाप लेना आपके फेफड़ों के लिए काफी अच्छा साबित होता है. **ग्रीन टी:-** ग्रीन-टी के सेहत से जुड़े कितने फायदे हैं ये आप सब जानते ही होंगे. ग्रीन-टी फेफड़ों की सफाई के लिए भी काफी फायदेमंद होती है. ग्रीन-टी एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होती है और फेफड़ों में इंफ्लामेशन को कम करने का काम भी करती है. साथ ही ग्रीन-टी में मौजूद कई तरह की चीजे आपके फेफड़ों को धुएं से होने वाले नुकसान से बचते हैं.











## जानिये आँखों के लिए शहद के 8 जबरदस्त नुस्खे

अगर आपको आँखों में कोई समस्या है, जैसे- खुजली, दर्द, सूखापन या किसी प्रकार का संक्रमण है तो शहद इसमें मददगार साबित हो सकता है और आपकी समस्या को दूर कर सकता है. पिछले कुछ समय से मोबाइल और लैपटॉप के लगातार इस्तेमाल करने से लोगों की लाइफस्टाइल बहुत ही हैल्दी हो गई है. कई लोगों की आँखों में सबसे ज्यादा समस्या होती है, इसके लिए वो कई तरीके के आईड्रॉप भी इस्तेमाल करते हैं या फिर जैल का इस्तेमाल करते हैं. लेकिन ये कितना सुरक्षित है. ● **आँखों के सूखेपन को दूर भगाने में मददगार:-** शहद को गुनगुने पानी में मिलायें और उसे सोने से पहले अपनी आँखों को अच्छे से धो लें. इससे आँखों की ड्राइनेस, लालामी और खुजली आदि की समस्या दूर हो जाती है. ● **आँखों में फूलापन होना:-** अगर आपकी आँखों के नीचे फूलापन हो गया हो, जैसा कि लम्बे समय तक नींद पूरी न हो पाने के कारण होता है, तो आप शहद की कुछ बूँदों को वहाँ पर डालकर मसाज कर लें और 15 मिनट बाद धो लें. ● **कन्जक्टिवाइटिस का उपचार:-** अगर आपकी आँखें आ गई हों तो आप शहद को आँखों पर लगा सकते हैं, इससे आँखों की करकराहट दूर हो जायेगी. ● **आँखों के संक्रमण को दूर भगाने में:-** आँखों के संक्रमण को दूर करने में भी यह बहुत लाभदायक होता है. इसके लिए आप शहद को गुनगुने पानी में मिला लें और कॉटन बॉल से उसे आँखों के ऊपर लगायें. इससे आँखों का संक्रमण जल्द ही सही हो जायेगा. ● **आँखों की मांसपेशियों को स्वस्थ बनायें:-** शहद, आँखों की मांसपेशियों को स्वस्थ बनाता है. साथ ही दृष्टि को कमजोर होने से बचाता है. ● **ग्लूकोमा होने से बचाये:-** अगर आँखों में शहद की बूँद को ड्रॉप की तरह डाला जाये, तो ग्लूकोमा होने से बचा जा सकता है. लेकिन शहद में किसी प्रकार की मिलावट नहीं होनी चाहिए. ● **दृष्टि कमजोर होने से बचाये:-**शहद में कई सारे एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं जो कि आँखों की नर्व को स्वस्थ बनाये रखने में मददगार साबित हो सकते हैं. इससे निगाह में कमी नहीं आयेगी और आँखों पर लम्बे समय तक चश्मा लगाने की आवश्यकता भी नहीं पड़ेगी. ● **आँखों में खुजली होने पर राहत:-** शहद को आँख पर लगाने से खुजली में आराम मिलता है. साथ ही आँखों के नीचे वाले रिंकल्स भी सही हो जाते हैं.








## एंजाइना रोग के संकेत हैं छाती में दर्द और भारीपन 10 मिनट में ऐसे पाएं आराम

एंजाइना सीने में बार-बार होने वाला वह दर्द है, जो हृदय रोग का संकेत हो सकता है. एंजाइना का सीने का दर्द एरोस्थि के नीचे से उठता है. यह मुख्य कोरोनरी धमनियों में रुकावट के कारण दिल में रक्त के प्रवाह में कमी आने पर होता है. एंजाइना के मुख्य लक्षण हैं सीने में दर्द, भारीपन, जकड़न, एरोस्थि के नीचे दबाव महसूस होना, 2 से 15 मिनट तक दर्द होना, तनाव, व्यायाम और भारी वजन उठाने में दर्द का बढ़ना. एंजाइना की गंभीरता उसके प्रकार पर निर्भर करती है. सबसे सामान्य एंजाइना स्थिर एंजाइना है, जो कुछ मिनट तक रहता है. यह सीढ़ियाँ चढ़ने या तनाव के दौरान होता है. आराम करने या दवा लेने से यह ठीक हो जाता है. यह जल्द दिल का दौरा पड़ने का संकेत नहीं है. अस्थिर एंजाइना अधिक खतरनाक है. यह आराम करते समय भी हो सकता है. इसमें सीने में दर्द आधे घंटे तक रहता है और यह दवा से भी ठीक नहीं होता है. जब कोरोनरी धमनी में पूर्ण रुकावट हो तो यह दिल के दौरा का संकेत हो सकता है. वेरियेंट एंजाइना कोरोनरी धमनियों में अचानक ऐठन के कारण होता है, जो हृदय में रक्त प्रवाह को बाधित करता है. इसमें आराम करते समय सीने में तेज दर्द होता है. समय रहते इस ऐठन को नियंत्रित न किया जाए, तो यह दिल का दौरा पैदा कर सकता है. सीने में दर्द को गैस या अपच का दर्द समझकर दर्दनिवारक दवा या गैस्टिक की दवा लेकर नजरअंदाज करना घातक साबित हो सकता है. सुबह के समय, आराम करते हुए, टहलते हुए या व्यायाम करते हुए सीने में होने वाले दर्द को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए. सीने में दर्द, जकड़न, जलन या दबाव होने के सामान्य कारण तनाव या अपच हो सकते हैं लेकिन इसके दिल का दौरा पड़ने या एंजाइना जैसे गंभीर कारण भी हो सकते हैं. दिल की बीमारी में एंजाइना या छाती में दर्द सबसे आम लक्षण है. एंजाइना को छाती में भारीपन, दबाव, दर्द, जलन, ऐठन या दर्द के अहसास के रूप में पहचाना जा सकता है. कई बार इसे अपच या हार्टबर्न समझने की गलती भी हो जाती है. एंजाइना कंधे, बांहों, गर्दन, गला, जबड़े या पीठ में भी महसूस की जा सकती है. छोटी-छोटी साँस आना, धड़कन का तेज होना, कमजोरी या फिर चक्कर आना, उल्टी आने का एहसास होना और पसीना आना भी एंजाइना का लक्षण हो सकता है. यह लक्षण सर्द मौसम में अक्सर देखने को मिलता है. इसलिए इसमें लापरवाही बरतने के बजाय चिकित्सक से तुरंत इलाज कराएं. **30 मिनट में मिले इलाज:-** हार्ट अटैक के दौरान आमतौर पर लक्षण आधे घंटे तक या इससे ज्यादा समय तक रहते हैं. ऐसी स्थिति में आराम करने या दवा खाने से आराम नहीं मिलता. लक्षणों की शुरुआत मामूली दर्द से होकर गंभीर दर्द तक पहुँच सकती है. कई बार हार्ट अटैक का कोई लक्षण सामने नहीं आता, जिसे साइलेंट मायोकार्डियल इंफेक्शन यानी एमआइ कहते हैं. इसलिए जरूरी है कि आम नियमित एक्सरसाइज और योगा करें. दिल की सेहत बनाए रखने के लिए खानपान का खास खयाल रखें. सब्जियाँ, फल, साबुत अनाज और बहुत थोड़ी मात्रा में तेल, ये ऐसी चीजें हैं जिन्हें रोजाना के खानपान का हिस्सा बनाने से दिल की सेहत अच्छी बनी रह सकती है.













## गर्भावस्था में विटामिन ए की कमी बच्चे में अल्जाइमर का जोखिम बढ़ाती है

**टोरंटो:-** गर्भावस्था के दौरान माँ द्वारा पर्याप्त विटामिन ए नहीं लेने से बच्चे को भविष्य में अल्जाइमर होने का खतरा बढ़ सकता है. वैज्ञानिकों ने जताया है कि यह संज्ञात्मक विकार बच्चे में गर्भावस्था के दौरान या जन्म के ठीक बाद शुरू हो सकता है. यह शोध उस चुहिया पर किया गया जिसमें आनुवांशिक परिवर्तन किए गए थे. इसमें चुहिया के हाल ही में जन्मे बच्चों को विटामिन ए के कम स्तर वाले पूरक दिए गए और पाया कि यह मस्तिष्क विकार की प्रक्रिया को धीमा करने में प्रभावी है. कनाडा में यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिटिश कोलंबिया में प्रोफेसर वेहांग सांग ने कहा, ''हमारा शोध बताता है कि विटामिन ए की गंभीर कमी, यहाँ तक कि गर्भावस्था के दौरान, भी मस्तिष्क के विकास पर खराब प्रभाव डालती है और इसके दीर्घकालीन प्रभाव आगे जाकर अल्जाइमर रोग का जोखिम पैदा कर सकते हैं.

## दूध के साथ खाते हैं दवाई, तो हो जाइये सावधान

**भोपाल:-** आजकल के खराब लाइफस्टाइल पर जरा-जरा सी बात पर बीमारियाँ घेर लेती हैं. चाहे मामूली सर्दी-जुकाम हो या कफ से परेशान, तो कोई डायबिटीज और ब्लड प्रेशर से, यानी हर कोई किसी न किसी रूप में दवाइयों का सेवन कर रहा है. यहाँ तक कि कुछ लोग तो जल्दी ठीक होने के लिए दूध जूस या चाय-कॉफी पीते-पीते भी दवाइयों का सेवन कर लेते हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं कि कई ऐसी दवाईयाँ है जिनके साथ इन चीजों के सेवन से सेहत पर बुरा असर होने लगता है. जी हाँ अगर दवाओं का सेवन खाने की गलत चीजों के साथ किया जाये तो न केवल दवाएँ बेअसर हो जाती है बल्कि यह सेहत के लिए खतरनाक भी हो सकती हैं. आइए जानें कौन सी खाने-पीने की चीजों को किन-किन प्रकार की दवाइयों के साथ मिक्स नही करना चाहिये? केले के साथ ब्लड प्रेशर की दवा लेने से नुकसान हो सकता है. केले में पौटेशियम की मात्रा अधिक होने से धड़कन और घबराहट बढ़ जाती है. इसलिए ब्लड प्रेशर की दवा के साथ केले का सेवन नही करना चाहिए. अगर आप डायबिटीज की दवा, पेनकिलर या एंटी-हिस्टॉमिन दवाओं का सेवन कर रहे हैं तो इसके साथ शराब का सेवन करने से बचें. वैसे तो इन दवाइयों पर शराब सेवन ना करने की चेतावनी साफ लिखी होती है, शराब पीने से लीवर पर दबाव पड़ता है जिससे वह दवाइयों को तोड़ने में असमर्थ हो जाता है. इसके कारण नींद भी आ सकती है और अगर लीवर को कड़ी मेहनत करनी पड़ती है, तो लीवर को नुकसान भी हो सकता है. अगर आप एंटीकोअगुलाट्स यानी ब्लड को पतला करने वाली दवा का सेवन करते है तो हरी पत्तेदार सब्जियों के सेवन से बचें. क्योंकि हरी-पत्तेदार सब्जियों में विटामिन 'के॰' होता है जिससे ब्लड जमने लगता है. वारफरिन नामक दवा विटामिन 'के॰' से बचाने का काम करती है, लेकिन अगर आप दवा खाने के तुरन्त बाद हरी सब्जियाँ खाते हैं तो दवा अपना काम करना बंद कर देती है. कफ सीरप के साथ विटामिन सी युक्त आहार से बचना चाहिए. क्योंकि दवा के साथ संतरे का जूस लेने से मतिभ्रम या चक्कर आ सकते है. फल का असर आपके शरीर में 24 घंटो तक बना रहता है, इसलिये कफ सीरप के सेवन के द्वारा नींबू या संतरे के सेवन से दूर रहे. अगर आप एंटीबायोटिक दवाएँ खाते हैं तो दूध ना पियें. दवा के साथ दूध पीने से यह दवाईयाँ शरीर में ठीक प्रकार से घुल नहीं पाती और इनके साइडफेक्ट भी देखने को मिलते हैं. इसलिए दवाईयों को खाना खाने के एक घंटे पहले या खाना खाने के दो घंटे के बाद पानी के साथ लेना चाहिए. इसके अलावा अस्थमा की दवा के साथ कॉफी के सेवन से बचना चाहिए क्योंकि दवा को कॉफी के साथ लेने से घबराहट, उत्तेजना और धड़कन बढ़ जाती है.

घर पर रहें, सुरक्षित रहें.
"समयानुसार बुरे दिन तो निकल जाते हैं
पर वे अपनी पहचान छोड़ जाते हैं."









Start your Ayurvedic Company or Franchisee/PCD
with variety of own/monopoly based Product Brands
Get a variety of
Syrups Capsules Tablets Ointments
Oils Powders Liniments Granule
manufactured in your own brand name by GMP Certified House.
- Very little Investment
- No Drug License required
HERBAL MEDICINE GMP CERTIFIED NO SIDE-EFFECT
YAMUNA PHARMACY
Health Management through Ayurveda
यमुना
Ph.: 9215550725, 7082181197, 7988311551
Visit: www.yamunapharmacy.com | Email: yamunapharmacy@gmail.com

GMP & ISO 9001 : 2008 CERTIFIED COMPANY
It's Time to fly
With State of the Art Manufacturing unit and with Experience People from Industries.
In Serene, Pollution Free, Sylvan Surrounding of Dehradun, in the Foothills of Mussoorie.
WHO - cGMP Compliant
TABLET / CAPSULE / LIQUID ORAL / DRY SYRUP / OINTMENT / SOAPS IN
PHARMACEUTICALS / NEUTRACEUTICALS / COSMOCEUTICALS / AYURVEDIC
All Sections under One Roof :-
• Latest Production Technology.
• Highly Qualified Experienced Technical Staff.
• Fully Equipped Quality Assurance Department.
• Tailor Made Product Batches to suit individual needs.
• Large Production Capacity in Tablets, Capsules, Syrups, Sachets, Ointments & Soaps.
Enquiries welcome for :
• Third Party Production.
• Marketed by Arrangements.
• Loan Licence.
• Distribution Right.
• Export order.
Marketing Associates / Franchisee Required for Pan India
Daffolac Lactulose Solution USP
Floravit
L-MATO Lycopene Red, Vit.A.E.C & Minerals Capsules
MB-12 Plus Mecobalamin, Alpha Lipoic Acid & Vitamin Capsules
MB-12 Mecobalamin Tablets
Expect-G
Expect-T
Expect-D
PROALP Propranolol Hydrochloride & Etizolam Tablets
IBS Clidinium Bromide & Etizolam Tablets
CZN Plus
ZAA ALBENDAZOLE TABLETS I.P.
ZOFLIN Ofloxacin Tablets I.P.
ZOFLIN-OZ Ofloxacin & Ornidazole Tablets
AN-OD The Complete Anti-oxidant
FV-Tone Blood Builder & Restorative
Mortrin-ZMR
E-Scab Permethrin Lotion
DAFFO-LIV Liver Tonic with benefits of Enzyme Syrup
PEDIAMIN
Pencid Pantoprazole Tablets I.P.
Pencid-D Pantoprazole & Domperidone Tablets
Pencid-DSR Pantoprazole & Domperidone Capsule
DAFFOHILS LABORATORIES PVT. LTD.
F-109-110, UPSIDC Industrial Area, Central Hope Town, Selaqui, Dehradun, U.K.-248 011
Mobile No. +91-9412054069, 8077211184,
Email : daffohils@gmail.com, Website : www.daffohils.com

EXMED Healthcare PCD
12-13-14, Railly Opp. Children Trafic Park, Sector - 12-A, Panchkula - 134113 (Hyr.)
Mob:- 9041416600
Email: exmedhealthcare@gmail.com
4 Divisions
Namely Ayurmantra/ Herbal Products, Exmed Healthcare Voxiva Pharmaceuticals And Medisity Healthcare Having Pan India Presence.
We offer Franchise in unrepresented areas. Already serving 182 parties and 16 hospitals.
3rd Party 9872345674
We deal in
General Products Derma Diabetic Neurological segments

## दादा जी का सफर

दादा जी अस्सी साल के हो गए थे. पहली बार हवाई जहाज से यात्रा कर रहे थे. दुबई जा रहे थे. वहाँ उनके नाती ने आमंत्रित किया था. वहाँ पहुँचते ही नाती ने पूछा,'' दादा जी यात्रा कैसी रही? दादा जी दु:खी स्वर में बोले, ''अच्छी नहीं रही. एक तो सीट से बाँध दिया. फिर रूकती नहीं है, बाहर नहीं जा सकते. बगल का आदमी बतिया नहीं रहा था. वापस ट्रेन से भेजना.

## खर्चा

मित्र की पत्नी के देहान्त पर जब मैं सपत्नीक उसके घर पहुँचा तो उसे बहुत दुखी पाया. कह रहा था, ''उसके जाने का बहुत दुख है पर और भी दुख उस एक लाख का है, जो इसके इलाज पर खर्च हुए थे. सब बेकार गया.

## ज्ञानी लोग

बड़े गम्भीर विषय पर गुरूजी का भाषण चल रहा था. चूंकि स्लाइड प्रोजेक्टर का प्रावधान था, अत: हॉल में अँधेरा था. पाँच-दस मिनट के बाद हॉल में लोगों की आपसी बातचीत स्पष्ट सुनाई देने लगी थी. कुछ लोग मोबाइल पर व्यस्त हो गए थे. गुरूजी ने भाषण को बीच में रोक दिया. वे बोले, ''लगता है कि आप सब इस विषय में बेहद ज्ञानी हैं. मुझे कुछ भी बोलने की आवश्यकता नहीं हैं.

– डॉ॰ नरेन्द्र नाथ लाहा, ग्वालियर (म॰प्र॰), मो॰ 09753698240.

MEDISHRI HEALTHCARE
WANTED PHARMA
FRANCHISEE CUM PCD
INNOVATIVE & LATEST PRODUCTS
BILASCAN-20 Bilastine 20mg Tablets.
FLORAMET-R Saccharomyces Boulardii 2.5 Billion CFU, Lactic Acid Bacillus 100ms & Racecadrotil 10mg/1gm Sachet
ALKAFIRST-B6 Potassium Citrate 1100mg, Magnesium Citrate 375mg & Vitamin B6 20mg/5ml Syp.
CEFSCAN-OZ LB Cefixime 200mg, Ornidazole 500mg & Lactic Acib Bacillus 600ms Tablets.
BILASCAN-M Bilastine 20mg & Montelukast 10mg Tablets.
ARGISCAN-PLUS L-Arginine 3gm & Proanthocyanidin 75gm/6.5g Sachets
MONTLIFE-3D Montelukast 10mg, Fexofenadine 120mg & Acebrophylline 200mg SR Tablets.
GEMTEL-40/H/H 80/AM Telmisartan range
VITSCAN-C Vitamin C range
D3MET NANO Vitamin D3 60000 I.U./5ml Nano Shot
ENZYQUICK TAB. Alpha Amylase 100mg, Papain 60mg & Activated Charcoal 75mg Tablets.
MUCOSCAN-PLUS Acebrophylline 100mg & Acetylcysteine 600mg Tablets.
LETOBENZ-2.5 Letrozole 2.5mg Tablets.
ETORMET-90/120/P/TH Etoricoxib range
SETSPAS FAST Diclofenac Potassium 50mg & Dicyclomine 20 mg Tablets.
GLIMSCAN-2/M2/M3/M4/MV2 Glimepiride range
DROSBENZ Drospirenone 3mg & Ethinylestradiol 0.03mg Tablets.
FLUNAXIT Flupentixol 0.5mg & Melitracen 10mg Tablets.
MONTLIFE-M Ebastine 10mg & Montelukast Sodium 10mg Tablets.
CEFSCAN-AZ LB Cefixime 200mg, Azithromycin 250mg, Lactic Acid Bacillus Tablets.
NOZFREE-O Oxymetazoline Hcl 0.05 % W/v Nasal Drop
RITEHIST-LC+ Levodropropizine 30mg & CPM 2mg/5ml (Sugar Free) Syp.
HELPACE-PG Aceclofenac 200mg & Pregabalin 75mg Tablets.
TRAMASCAN-100 PR Tramadol Hydrochloride 100mg Prolonged Release Tablets.
Also contact for Third Party Manufacturing
more than 400 products
All Promotional Material Available
For Business Enquiries
MEDISHRI HEALTHCARE PVT. LTD.
(An ISO 9001 : 2015 Certified Company)
Regd. Office : 149, Ground Floor, Block G, Pocket-2, Sector-16, Rohini, New Delhi-110 085
E-mail : medishrihealthcare@gmail.com, visit us:www.medishri.com
Call or SMS :
+91 70153 47369
+91 99966 92534

# चार प्रकार के होते हैं लैंस, जानें आपकी आँखों के लिए कौन सा है सही

कम्प्यूटर और मोबाइल स्क्रीन के साथ निरंतर संपर्क में रहने के कारण चश्मे और कॉन्टैक्ट लेंस का इस्तेमाल करने वालों की तादाद तेजी से बढ़ती जा रही है. फिर भी उन्हें इनके चुनाव और इस्तेमाल का सही तरीका मालूम नहीं होता. आजकल हर आयु वर्ग के लोग दृष्टि संबंधी समस्याओं से परेशान रहते हैं. इसलिए चश्मे और कॉन्टेक्ट लेंस पर लोगों की निर्भरता बढ़ती जा रही है. इसके अलावा चश्मे से छुटकारा पाने के लिए लोग लेजर ट्रीटमेंट के बारे में भी जानने को इच्छुक होते हैं. यहाँ दिल्ली स्थित सर गंगाराम हॉस्पिटल की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ॰ अकीदा लाल बता रही हैं कि हमें अपनी आँखों के साथ चश्मे और कॉन्टैक्ट लेंस की देखभाल कैसे करनी चाहिए. **नजर से जुड़ी समस्याएँ:– मायोपिया:** स्वस्थ आँखों में किसी वस्तु की इमेज रेटिना पर बनती है. मायोपिया में यह छवि रेटिना से पहले बन जाती है तो धुंधला दिखाई देने लगता है. इसके लिए कॉन्केव या माइनस नंबर का लेंस दिया जाता है. **हाइपरमेट्रोपिया:** जब किसी वस्तु की इमेज रेटिना के ऊपर न बनकर उसके पीछे बनती है तो उसे हाइपरमेट्रोपिया कहते हैं. इससे पास की चीज देखने में परेशानी होती है. इस समस्या को दूर करने के लिए प्लस पावर वाले कॉन्वेक्स लेंस की जरूरत होती है. **एस्टिग्मेटिज्म:** यह वैसी स्थिति है, जिसमें आँखों का कॉर्निया पूरी तरह गोल नहीं होता. इससे रेटिना पर पडने वाली लाइट किसी एक जगह टिकने के बजाय आसपास फैल जाती है. इससे दूर या पास, दोनों जगह पर धुंधला दिखाई देता है। साथ ही सिरदर्द भी हो सकता है। ऐसी समस्या होने पर सिलिंड्रिकल लेंस का इस्तेमाल किया जाता है. **प्रेस्बायोपिया:** आमतौर पर 40 साल की उम्र के बाद लोगों को नजदीक की चीजें देखने में परेशानी होती है. ऐसी समस्या को दूर करने के लिए चश्मे में कॉन्वेक्स या प्लस नंबर का लेंस यूज किया जाता है. **कैसा हो चश्मा:–** फ्रेम हल्का हो, नाक और कान पर अधिक दबाव न डालता हो. उसकी फिटिंग भी अच्छी होनी चाहिए. ● चश्मे को पहनते और उतारते वक्त दोनों हाथों का इस्तेमाल करना चाहिए. ● चश्मे के लिए रेजिन लेंस हलके होते हैं पर आसानी से टूटते नहीं हैं और इन पर खरोंच भी नहीं पड़ती. ● प्लास्टिक लेंस भी हल्के होते हैं और आसानी से टूटते नहीं हैं लेकिन इन पर खरोंच जल्दी पड़ जाती है. ● ट्रिप्लेक्स लेंस भी वजन में हल्के होते हैं और जल्दी टूटते नहीं हैं. ● लेंस पर कई तरह की कोटिंग भी मिलती है, जैसे कि एंटी-ग्लेयर, एंटी-स्क्रैच, फोटोक्रोमिक आदि. एंटी-ग्लेयर कोटिंग आँखों को चमक और फोटोक्रोमिक अल्ट्रावॉयलेट किरणों से बचाती है. डॉक्टर जब चश्मा लगाने की सलाह दें तो लेंस के बारे में पूरी जानकारी लें. ● बच्चों और खिलाडियों के लिए पॉलीकार्बोनेट ग्लास उपयुक्त होते हैं क्योंकि मजबूत होने के साथ ये आँखों को सूरज की अल्ट्रावॉयलेट किरणों से भी बचाते हैं. ● फील्ड वर्क करने वालों के लिए फोटोक्रोमिक ग्लास भी उपयोगी है क्योंकि सूरज की रोशनी में इसका रंग बदल जाता है और सनग्लास की जरूरत नहीं पड़ती. ● आमतौर पर खेलने या ड्राइविंग के दौरान पोलराइज्ड सनग्लासेज इस्तेमाल किए जाते हैं और धूप के तेज रिफ्लेक्शन से आँखों को बचाते हैं. **कॉन्टैक्ट लेंस का चुनाव:–** जिनकी दूर की नजर कमजोर होती है और जिन्हें चश्मा पहनना नापसंद है, उनके लिए कॉन्टैक्ट लेंस सही विकल्प साबित होता है. अगर आँखों में ड्राईनेस की समस्या है तो सॉफ्ट कॉन्टैक्ट लेंस का चुनाव करना चाहिए. ये प्लास्टिक के बने होते हैं. आरामदायक होने के साथ कॉर्निया तक ऑक्सीजन पहुँचाने में भी मददगार होते हैं. इसकी कमी से कॉर्निया में सूजन आ सकती है. ऐसे लेंस को महीने भर बाद बदल देना चाहिए. **आरजीपी लेंस:–** इसका पूरा नाम रिजिड गैस परमिएबल लेंस है. ये थोड़े सख्त होते हैं. इनमें विजन अधिक साफ होता है. इनकी देखभाल भी आसान होती है. जिनकी दृष्टि ज्यादा कमजोर हो या जो लोग अधिक व्यस्त रहते हैं, उनके लिए ऐसे लेंस उपयुक्त होते हैं. ● जिन्हें नजर के धुंधलेपन के साथ सिरदर्द जैसी समस्याएँ हों, उनके लिए टोरिक लेंस उपयुक्त रहता है. ● जिनकी कॉर्निया सही शेप में नहीं होती या चश्मे का पावर अधिक हो तो उनके लिए सेमी टॉक्स लेंस बेहतर विकल्प हैं. **कब बदलें इसे:–** डॉक्टरों के अनुसार लेंस को एक से 6 महीने के बीच चेकअप और डॉक्टर की सलाह के बाद बदलते रहना चाहिए. अगर लेंस लगाने के बाद आँखों में कोई तकलीफ तो बिना देर किए डॉक्टर से सलाह लें. इसके साथ ही कुछ लेंस ऐसे भी होते हैं, जिन्हें एक साल तक आसानी से इस्तेमाल किया जा सकता है. **इसके साइड इफेक्ट:– एलर्जी:** सही तरीके से कॉन्टैक्ट लेंस नहीं लगाने पर आँखें लाल हो सकती हैं. साथ ही, खुजली की भी समस्या हो सकती है. ऐसे लक्षण दिखने पर लेंस न लगाएँ और डॉक्टर की सलाह लें. **कॉर्निया पर खरोंच:** लेंस पहनते और उतारते समय ध्यान रखें कि कॉर्निया पर कोई खरोंच न लगे. ऐसा होने पर कॉर्नियल अल्सर होने और आँख की पुतली पर सफेदी पड़ने का डर रहता है. **क्या है हन्ना लेजर ट्रीटमेंट:–** अगर आप चश्मे या लेंस से छुटकारा पाना चाहते हैं तो उसके लिए लेसिक लेजर ट्रीटमेंट बहुत उपयोगी साबित होता है. इस सर्जरी में बहुत कम समय लगता है और मरीज उसी दिन घर जा सकता है. लेसिक लेजर की मदद से कॉर्निया की सतह को बदल दिया जाता है. इससे चश्मे या कॉन्टैक्ट लेंस के बिना भी साफ दिखने लगता है. **लेजर के प्रकार:– सिंपल लेसिक लेजर:** इसमें कट लगाकर कॉर्निया को री-शेप किया जाता है. पूरी प्रक्रिया में करीब 20-25 मिनट लगते हैं. हालांकि इस तरह की सर्जरी का चलन अब कम होता जा रहा है. **ई-लेसिक लेजर:** इसका प्रोसेस लगभग सिंपल लेसिक लेजर जैसा ही है. अंतर सिर्फ मशीन का होता है. इस प्रोसेस से मरीज की आँखें जल्दी ही दुरुस्त हो जाती हैं. **कस्टमाइज्ड लेसिक लेजर:** इसे सी-लेसिक लेजर भी कहा जाता है. इसमें आँखों के साइज के हिसाब से ट्रीटमेंट किया जाता है. यह तरीका सबसे सुरक्षित है. **सर्जरी के बाद:–** ऑपरेशन के बाद दो-तीन दिन तक आराम करें. आँखों पर ज्यादा जोर देने वाली एक्टिविटीज मसलन टीवी देखना, कम्प्यूटर पर काम करना या पढ़ना जैसे काम 15-20 दिनों तक न करें. इसके बाद चश्मे या लेंस से हमेशा के लिए छुटकारा मिल जाएगा. ● स्विमिंग और मेकअप आदि से कुछ सप्ताह तक दूर रहें. ● अगर इन छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखेंगे तो आँखें हमेशा स्वस्थ रहेंगी.



"Excellence in Pharma Services" Award Winning From Asian-African Chamber of Commerce & Industries By. High Commissioner High Commission of the Korea At Hotel The Grand New Delhi on Dt. 23-Mar-2019



"Towards a Healthier Tomorrow"

We invited for Export, Third Party and Franchise / PCD

WITH THE TRUST OF UTTRAKHAND

BETA LACTAM
* Tablet
* Capsule
* Syrup
* Suspension
* Dry Syrup
* Ointments
* Injection

FOOD & HERBAL
* Tablet
* Capsule
* Syrup
* Suspension

NON BETA LACTAM
* Tablet
* Capsule
* Syrup
* Suspension
* Dry Syrup
* Ointments
* Injection

Business Opportunity with Monopolly rights for FRANCHISEE/PCD in Unrepresented Areas

Latest Molecule Also Available : For Franchisee / Pcd Marketing
Cefixime + Lactic Acid Bacillus
Cefixime + Ofloxacin + Lactic Acid Bacillus
Amoxycillin + Clavulnic Potassium + LB
Enzyme Tablet with Charcoal
Pentoprazol + Levosulpride SR Capsule
Linezolide with Sulbactum Tablet

PROMOTIONAL SUPPORT
-: Visual Aid -: Visiting Card
-: Product Card -: Sticker
-: Reminder Card -: Gifts
-: Catch Cover -: MR Bag
-: New Product Brief Detail

IAF ACCREDITED
An ISO 9001:2015 Certified Company

Liza Life Sciences
Liza Life Sciences (An ISO Certified Company)
Kh. No 223 Plot - 16 Mohanpura Mohammedpur
Dist. - Haridwar Roorkee-247667 (Uttarakhand)
Off.- C-7 Shradhha Park Soc. Ajwa Road, Vadodara (Gujarat)
Email - lizalife.sc@gmail.com Web Site - www.lizalife.in

For Third Party & Export
Mr. M.L. Saiyed
+91-9897862999
For Franchise / PCD
Mr. Sanjay Kumar
+91-9045645800



ANA Biotech

Frenklomed Health Care (A Division of ANA BIOTECH)

A Step towards SUCCESS...

Third Party Manufacturing & PCD/Franchise
(All Over India With Monopoly Rights)

- One Stop Solution for all third party mfg. with all batch size
- We update with latest molecules at best rates.
- Commitment for providing best quality product and packing
- 200+ Products serving in PCD/Franchise.

Deals in : Tablets, Capsules, Injectable, Syrup, Dry Syrup, Ointment, Protein Powder, Herbal, Cosmetic & Other Range.

Promotional Input : Product Card, MR Bags, Visiting Cards, Catch Covers, Prescription Pad, Gift Articles, Seminar/Meetings, Tour Arrangement

For More Enquiry Contact. Mrs. Kanta Bamola (Marketing Manager) Mob. : +91 9897599577.

ANA Biotech
SPO: Shyampur, Prem Nagar, Dehradun-248007 (UK)
Mob.: +91 9219697042/8077881105 Email : anabiotech.india@gmail.com


## क्या मनुष्य इस संसार का सबसे बुद्धिमान प्राणी है?



